**Ans. (a) :** वर्ष 1620 में, तृतीय महाराजा जगन्नाथ सिंह कुमार विक्रम सिंह प्रथम से सरायकेला में राज्य की स्थापना की।

**23. औरंगजेब के शासनकाल के दौरान, दलेल सिंह ने मगर खान को हराया था जो कि ......... के शासक थे।**

(a) चाय (b) तोरी
(c) रामगढ़ (d) राजमहल

**Jharkhand SI 2017 Set-07**

**Ans. (a):** औरंगजेब के शासनकाल के दौरान, दलेल सिंह ने मगर खान को हराया था जो कि 'चाय' के शासक थे। दलेल सिंह ने चाई की राजधानी, परगना जोगीडीह और अन्य 7 तालुकों पर विजय प्राप्त की। 1717-1724 तक चाय दलेल सिंह के अधीन थी।

**24. मुगल बादशाह अकबर के किस सेनापति के नेतृत्व में मुगल सेना ने 1585 में छोटानागपुर ख़ास के नागवंशी शासक मधुकरण शाह (मधु सिंह) पर आक्रमण किया, उसे हराया तथा उसे मुगलों का अधीनस्थ बनाया ?**

(a) शहबाज़ खान कम्बू (b) अली अजमी
(c) अबू फजल (d) खुदा बख्श

**Jharkhand SI 2017 Set-32**

**Ans. (a) :** मुगल बादशाह अकबर के सेनापति शहबाज़ खान कम्बू के नेतृत्व में मुगल सेना ने 1585 में छोटानागपुर ख़ास के नागवंशी शासक मधुकरण शाह (मधु सिंह) पर आक्रमण किया, उसे हराया तथा उसे मुगलों का अधीनस्थ बनाया।

**25. 1336 A.D. में, ..........गंग वंश को बीरू का राजा बनाया गया था।**

(a) हरिदेव (b) देवकृष्ण
(c) कटंग देव (d) शिवकर्ण

**Jharkhand SI 2017 Set-28**

**Ans. (a) :** वर्ष 1336 AD में हरिदेव, गंग वंश को बीरू का राजा बनाया गया था।

**26. बिहार के मुगल सूबेदार शाहिस्ता खाने ने पलामू के पराक्रमी शासक प्रताप राय के विरुद्ध पलामू किले पर किस वर्ष में आक्रमण और संधि की ?**

(a) 1641-42 (b) 1763-64
(c) 1674-73 (d) 1811-12

**Jharkhand SI 2017 Set-20**

**Ans. (a) :** बिहार के मुगल सूबेदार शाहिस्ता खान ने पलामू के पराक्रमी शासक प्रताप राय के विरूद्ध पलामू किले पर 1641-42 वर्ष में आक्रमण और संधि की।

## झारखण्ड के प्रमुख विद्रोह एवं आंदोलन

**27. Which party raised the slogan 'Jharkhand Abua daku Diko Senoa' (Jharkhand is ours, the dacoit Diko Shall have to quit) in 1952 general election?**
**किस दल ने 1952 के आमसभा चुनाव में नारा दिया था 'झारखंड अबुआ, डाकु दिकु सेनुआ' (झारखंड हमारा है, दिकुओं को जाना पड़ेगा)?**

(a) JMM/जेएमएम
(b) AJSU/आजसु
(c) JCC (Jharkhand Co-ordination Committee) जेसीसी (झारखंड कॉ-ऑर्डिनेशन कमेटी)
(d) Jharkhand party/झारखंड पार्टी

**7th JPSC (Pre) 2021 Paper-II**

**Ans. (d) :** झारखण्ड पार्टी ने 1952 के आमसभा चुनाव में नारा दिया था कि 'झारखण्ड अबुआ, डाकू दिकू सेनुआ' अर्थात झारखण्ड हमारा है, दिकुओं को जाना पड़ेगा। झारखण्ड पार्टी की

स्थापना 1950 में जयपाल सिंह ने किया था। जयपाल सिंह एक जाने माने हॉकी खिलाड़ी थे। इनकी कप्तानी में भारत ने 1928 में पहला स्वर्णपदक जीता था। झारखण्ड पार्टी ने 1952 के चुनाव में 34 सीटें प्राप्त की थी। 1963 में झारखण्ड पार्टी का विलय कांग्रेस में हो गया। वर्तमान में झारखण्ड पार्टी एक अलग राजनीति दल है तथा अनोश एक्का राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं-

- 31 दिसम्बर 1991 को ऑल झारखण्ड स्टूडेन्ट्स यूनियन (आजसू) के एक सहयोगी राजनैतिक दल के रूप में 'झारखण्ड पीपुल्स पार्टी' का गठन हुआ।

**28. झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानियों में प्रथम शहीद होने का गौरव किस सेनानी को प्राप्त है?**

(a) बिरसा मुंडा (b) तेलंगा खड़ीया
(c) तिलका माँझी (d) सिद्धू और कान्हू

**उत्तर (c)** **JPSC (Pre) 2016 Paper-II**

**जेएसएससी आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय पाली) 2016**

**व्याख्या :** तिलका मांझी (1750-85 ई.) का जन्म सुल्तानगंज थाना के तिलकपुर गाँव के एक संथाल परिवार में फरवरी 1750 ई. में हुआ था। गाँव के नाम पर ही इनका नाम तिलका पड़ा। 1771 ई. में इन्होंने जनजातियों के परम्परागत अधिकारों की रक्षा हेतु अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह शुरू किया। विद्रोह का प्रमुख केन्द्र वनचारीजोर (भागलपुर के पास) नामक स्थान था। इनका विद्रोह लगभग एक दशक तक चला। 1784 ई. में तिलका मांझी ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर भागलपुर पर आक्रमण कर दिया, जिसमें अंग्रेज अधिकारी क्लीवलैंड को मार गिराया। इस घटना के बाद सर आयरकूट तथा पहाड़िया सेनापति जउराह ने इन पर हमला बोल दिया। 1785 ई. में तिलका मांझी भागकर सुल्तानगंज की पहाड़ियों में जा छिपे। 1785 ई. में तिलका मांझी को धोखे से पकड़कर भागलपुर में बरगद के पेड़ से लटकाकर फांसी दे दी गई। जिस स्थान पर इन्हें फांसी दी गई थी, उसे 'बाबा तिलका मांझी' चौक के नाम से जाना जाता है। तिलका मांझी को 'आदि विद्रोही' भी कहा जाता है, क्योंकि ये अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह करने वाले पहले आदिवासी थे।

**29. साफा-होर आंदोलन किस आदिवासी समुदाय से संबंधित है?**

(a) मुंडा (b) हो
(c) संथाल (d) खड़िया

**उत्तर (c)**

**JPSC (Pre) 2016 Paper-I**

**व्याख्या-** साफा-होर आन्दोलन संथाल आदिवासी समुदाय से सम्बन्धित है। साफा-होर का अर्थ होता है- ''सिंगबोंगा के प्रति समर्पण''। इस विद्रोह के अन्तर्गत लाल बाबा ने आदिवासियों के धार्मिक एवं चारित्रिक उत्थान पर बल दिया तथा इस आन्दोलन के दौरान लाल बाबा ने संथाल परगना में 'देशोद्धारक दल' की स्थापना की।

**30. Which movement is 'Dombari Buru' associated with?**
**'डोम्बारी बुरू' किस आंदोलन से संबंधित है?**

(a) Ho Revolt/हो विद्रोह
(b) Santal Hul/संताल हूल
(c) Birsa Ulgulan/बिरसा उलगुलान
(d) Tana Bhagat Movement/ताना भगत आंदोलन

**7th JPSC (Pre) 2021 Paper-II**

**Ans. (c) :** 'डोम्बारी बुरू' बिरसा उलगुलान (मुण्डा विद्रोह) आन्दोलन से संबंधित था। 9 जनवरी 1899 को बिरसा मुण्डा एक सभा को संबोधित कर रहे थे तभी पुलिस ने सभा को घेर लिया और गोलियां बरसाने लगी। इसमें सैकड़ों आदिवासी मारे गये। बिरसा मुण्डा किसी तरह बच निकलने में सफल रहे। इसी घटना को 'डोम्बारी बुरू' की संज्ञा दी जाती है। यहाँ पर प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को शहीदों की याद में मेला लगता है।

**31. Who amongst the following was the leader of kherwar movement?/निम्नलिखित में से कौन खेरवार आंदोलन का नेता था?**

(a) Siddho and Kanhu Murmu/सिद्धो एवं कान्हु मुर्मू
(b) Bhagirath Manjhi/भगीरथ माँझी
(c) Shaikh Bhikhari/शेख भिखारी
(d) Pandey Ganpat Rai/पाण्डेय गणपत राय

**7th JPSC (Pre) 2021 Paper-II**

**राजकीयकृत उच्च विद्यालय शिक्षक नियुक्ति परीक्षा-2009**

**Ans. (b) :** खेरवार (संथाल) आंदोलन का नेतृत्व भागीरथ मांझी ने किया था। इस आंदोलन का उद्देश्य प्राचीन मूल्यों और जनजातीय परंपराओं को पुनः स्थापित करना था। इसके साथ ही वे भूमि संबंधी समस्याओं में सुधार के अलावा सामाजिक कर्मों में शुद्धि के प्रवर्तक भी थे। इस आंदोलन के प्रति पूर्ण समर्पण वाले सफाहोर कहलाए, उदासीन लोग बाबजीया तथा बेमन पूजकों को मेलबरागर कहा गया। यह एक लड़ाकू जनजाति मानी जाती है।

**32. छोटा नागपुर का क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अंतर्गत कब आया था?**

(a) 1764 (b) 1765
(c) 1772 (d) 1773

**उत्तर** – (b)

**JPSC (Pre) 2013 Paper-I**

**व्याख्या—**छोटा नागपुर का क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत 1765 में आया। छोटा नागपुर पठार पूर्वी भारत में स्थित एक पठार है।

**33. The British entered into Jharkhand for the first time from the side of...............**
**अंग्रेजों का झारखण्ड में सर्वप्रथम प्रवेश_____ किस ओर से हुआ।**

(a) Pakur/पाकुड़ (b) Chatra/चतरा
(c) Palamu/पलामू (d) Singhbhum/सिंहभूम

**7th JPSC (Pre) 2021 Paper-I**

**Ans. (d) :** अंग्रेजों का झारखण्ड में सर्वप्रथम प्रवेश सिंहभूम की ओर से हुआ। 1780 ई. में ही ईस्ट इंडिया कंपनी का मिदनापुर पर अधिकार हो चुका था। उसी समय से अंग्रेज सिंहभूम सहित बंगाल के सीमा से लगे झारखण्ड के क्षेत्रों पर अपनी शक्ति तथा प्रभाव के विस्तार को लेकर सोच रहे थे। उस समय सिंहभूम के

प्रमुख राज्यों में ढ़ालभूम (ढ़ाल राजाओं का), पोरहाट (सिंह राजाओं का) तथा कोल्हान (हो लोगों का) का शासन था। 1767 में फार्ग्यूसन के नेतृत्व में सिंहभूम पर कम्पनी की सेना ने आक्रमण किया था। झारखण्ड लोक सेवा आयोग ने इसका उत्तर (c) मान है जो गलत है।

**34. In British period, a special tax was levied on the farmers of Singhbhum on rearing silk and lac on such trees as Kusum and Asan. What was the tax called?**
**ब्रिटिश काल में सिंहभूम के किसानों से कुसुम और असन आदि पेड़ों पर रेशम और लाख उगाहने के लिए एक विशेष कर लिया जाता था। इस कर का क्या नाम था?**

(a) Dal katti/दलकट्टी (b) Jamabandi/जमाबंदी
(c) Rasad/रसद (d) Charai/चराई

**7th JPSC (Pre) 2021 Paper-II**

**Ans.(a):** ब्रिटिश काल में सिंहभूम के किसानों से कुसुम और असन आदि पेड़ों पर रेशम और लाख उगाहने के लिए दलकट्टी नामक एक विशेष कर लिया जाता था। झारखण्ड क्षेत्र में अंग्रेजों का प्रवेश सर्वप्रथम सिंहभूम की ओर से हुआ। 1760 में ईस्ट इंडिया कम्पनी का मिदनापुर पर कब्जा हो चुका था। इसी समय से अंग्रेज सिंहभूम सहित बंगाल के सीमा से लगे झारखण्ड के क्षेत्रों में अपनी शक्ति तथा प्रभाव के विस्तार पर विचार करने लगे थे।

**35. नीलाम्बर और पीताम्बर शाह नामक दोनों भाई जिन्होंने स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान अंग्रेजों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी थी, किसके नेता थे?**

(a) संथाल जनजाति (b) खरवर जनजाति
(c) सबर जनजाति (d) इनमें से कोई नहीं

**JSSC Excise Const. Exam, 04-08-2019**

**Ans.(b):** नीलांबर और पीतांबर शाह नामक दोनों भाई जिन्होंने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी थी, ये खरवार जनजाति के नेता थे। दोनों भाइयों ने 1857 में ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया।

**36. इनमें से कौन 1857 विद्रोह के साथ जुड़ा हुआ है?**

(a) गंगा नारायण (b) नारायण सिंह
(c) शेख भिखारी (d) बिरसा मुंडा

**JSSC Excise/Assistant Excise Inspector Exam. 2015**
**JSSC Mahila Supervisor Exam-08-06-2014**

**Ans.(c):** शेख भिखारी 1857 के विद्रोह से जुड़े हुए थे। शेख भिखारी का जन्म 2 अक्टूबर, 1819 में झारखंड के जिला राँची के खुदिया लोटवां नामक एक गाँव में एक बुनकर अंसारी परिवार में हुआ था। वे ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के दीवान थे। उन्होंने 1857 में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी।

**37. झारखंड में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में खेरवाड़ आंदोलन किसके नेतृत्व में हुआ था?**

(a) भागीरथी माझी (b) दुखन मानकी
(c) गंगा नारायण (d) जयपाल सिंह मुंडा

**JSSC Mahila Supervisor Exam-08-06-2014**

**Ans.(a):** झारखंड में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में खेरवाड़ आंदोलन (1874) का नेतृत्व भागीरथी माँझी ने किया। इस आंदोलन को सफा होर आंदोलन के नाम से जाना जाता है। यह एक अहिंसात्मक संघर्ष था। भागीरथी माँझी ने अंग्रेजी शासन के प्रति असहयोगात्मक नीति अपनाई थी एवं स्वयं को बौंसी गाँव का राजा घोषित कर जमींदारों एवं सरकार को लगान नहीं देकर स्वयं लगान प्राप्त करने की पद्धति चलाई। भागीरथी माँझी आदिवासियों में 'बाबा' के नाम से जाने जाते थे।

**38. Birsa Munda's Ulgulan Revolt broke-out in-**
**बिरसा मुंडा का उलगुलान विद्रोह_______में हुआ था।**

(a) 1820 (b) 1832
(c) 1895 (d) 1915

**JSSC Panchayat Sachiv 21 Jan Paper-III**
**JSSC Panchayat Sachiv 28 Jun Paper-III**
**JSSC LDC Exam-2015**

**Ans. (c) :** बिरसा मुंडा आंदोलन की शुरुआत शुरुआत 1895 ई. में हुआ था। इस आंदोलन को झारखण्ड में सबसे अधिक संगठित और व्यापक माना जाता है। इस आंदोलन के नायक बिरसा मुंडा को भगवान के अवतार के रूप में में मान्यता दी गई है। मुण्डा जाति भी अन्य जनजातियों की भाँति कृषि और वनों पर निर्भर होकर अपनी जीवनयापन कर रही थी। यह जनजाति छोटानागपुर क्षेत्र की प्रमुख जनजातियों में से एक थी। इस विद्रोह का मुख्य कारण मुण्डा जनजाति की 'खुंटी कटी' व्यवस्था पर अंग्रेजों द्वारा लगाया गया प्रतिबंध था।

**39. ताना भगत आन्दोलन कब शुरू हुआ था?**

(a) 1905 (b) 1914
(c) 1767 (d) 1850

**JSSC Excise Const. Exam, 04-08-2019**
**Jharkhand SI 2017 Set-23**
**JSSC LDC Exam-2015**
**JSSC Panchayat Sachiv Exam. 2018**
**JPSC (Pre) 2013 Paper-I**

**Ans.(b):** ताना भगत आंदोलन वर्ष 1914 में बिहार में शुरु हुआ था, यह आंदोलन लगान की ऊँची दर तथा चौकीदारी के विरुद्ध किया गया था। इस आंदोलन के प्रवर्तक 'जतरा भगत' थे। जिसे कभी बिरसा मुंडा, कभी जमीं, तो कभी केसर बाबा के समतुल्य होने की बात कही गयी है। इसके अतिरिक्त इस आंदोलन के अन्य नेताओं में बलराम भगत, गुरुरक्षितणी भगत आदि के नाम प्रमुख थे। यह एक ऐसा धार्मिक आंदोलन था, जिसके राजनीतिक लक्ष्य थे। यह आदिवासी जनता को संगठित करने के लिए नए पंथ के निर्माण का आंदोलन था।

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा आंदोलन अपने शुरुआती चरण में कुरुख धरम के नाम से जाना गया था (यथाशब्द कुरुख या उरांव का मूल धर्म)?**

(a) खेरवार आंदोलन (b) उलगुलान
(c) तामर विद्रोह (d) ताना भगत आंदोलन

**JSSC C.G.L. Exam-21-08-2016**

**Ans.(d):** ताना भगत आंदोलन (1914) अपने शुरुआती चरण में कुरुरव धरम के नाम से जाना गया था। यह आंदोलन उराँव (कुरुख) समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक सुधार के रूप में शुरू किया। उराँव परंपरा को छोड़ चुके लोगों को पुनः समाज में वापस

लाने का प्रयास किया गया। ताना भगत आंदोलन एक सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में शुरू हुआ, जिसकी शुरुआत 21 अप्रैल, 1914 में जतरा भगत द्वारा की गई। बाद में यह आंदोलन राजनीतिक हो गया और एक स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गया। यह एक शुद्ध अहिंसावादी आंदोलन था, जो गाँधीजी के विचारों से प्रभावित था।

**41. निम्न में से कौन खरवार विद्रोह के नेताओं में से एक है?**

(a) विष्णु मनाकि (b) भागीरथ
(c) दुक्कन मानाकि (d) भुक्कन सिंह

**JSSC C.G.L. Exam-21-08-2016**
**Account Officer, General Studies Paper-I 2019**
**JSSC IRB General Guard Exam-03-12-2017**
**JSSC Secretariat Service Exam (Mains) 16-12-1012**
**Jharkhand SI 2017 Set-20**

**Ans.(b):** खरवार विद्रोह का नेता भागीरथ माँझी था। इस आंदोलन की शुरुआत 1874 में हुई थी। यह अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ हुए अहिंसात्मक संघर्ष में से एक था। इसे मुखर करने का श्रेय राजमहल के भगवानदास एवं दुमका के लंबोदर मुखर्जी को जाता है। भागीरथ माँझी ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ असहयोगात्मक नीति अपनाई थी एवं स्वयं को वौसी गाँव का राजा घोषित कर जमींदारों एवं सरकार को लगान नहीं देकर स्वयं लगान प्राप्त करने की पद्धति चलाई। भागीरथ माँझी आदिवासियों में बाबा के नाम से जाने जाते थे।

**42. आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था और स्वतंत्रता के पूर्व ब्रिटिश आर्मी चीफ को घायल करने में सफल हुआ था?**

(a) बिरसा मुण्डा (b) राजा जय सिंह देव
(c) तिलका मांझी (d) शेख भिखारी

**JSSC Panchayat Sachiv Exam-04-02-2018**
**JSSC Panchayat Sachiv 4 Feb Paper-III**

**Ans.(c):** तिलका माँझी ने आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया और स्वतंत्रता के पूर्व ब्रिटिश आर्मी चीफ को घायल करने में सफल हुआ था। वर्ष 1784 ई० में तिलका माँझी ने अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन किया, जिसे 'तिलका आंदोलन' के नाम से जाना गया।

**43. चेरो विद्रोह कब हुआ था?**

(a) 1912-13 (b) 1834-35
(c) 1901-02 (d) 1800-19

**JSSC Mahila Supervisor Exam-08-06-2014**

**Ans.(d):** चेरो विद्रोह 1800-19 में चेरो जनजाति के लोगों ने किया था। इसका नेतृत्व भूषण सिंह जमींदार ने किया था। पलामू की चेरो जनजाति ने ज्यादा कर वसूली एवं उपाश्रित पट्टों के पुनः अधिग्रहण के खिलाफ 1800 ई० में विद्रोह किया। इसे दबाने में अंग्रेजों ने छल-कपट एवं चालाकी का सहारा लिया। इस विद्रोह के परिणामस्वरूप 1809 ई० में ब्रिटिश सरकार ने छोटा नागपुर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जमींदारी पुलिस बल का गठन किया।

**44. सिद्धो-कान्हू किस विद्रोह से संबद्ध थे?**

(a) संथाल विद्रोह (b) मुंडा विद्रोह
(c) खेरवाड़ विद्रोह (d) चौर विद्रोह

**JSSC Mahila Supervisor Exam-08-06-2014**
**JSSC Secretariat Service (Pre) Exam-30-09-2012**
**JSSC Amin, Lekhpal Exam-08-10-2017**
**Jharkhand SSC 29.08.2012**

**Ans.(a):** सिद्धो-कान्हू संथाल विद्रोह से संबद्ध थे। यह विद्रोह 1855 को शुरू हुआ और 1856 तक चला। इस विद्रोह का नेतृत्व चार मुर्मू भाइयों – सिद्धू, कान्हू, चाँद और भैरव तथा दो जुड़वाँ मुर्मू बहनें - फूलों और झानों ने किया। संथाल जनजाति द्वारा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी, जमींदार और सामंतवादियों के क्रूर नीतियों के खिलाफ पूर्वी भारत (वर्तमान झारखंड और पश्चिम बंगाल) का एक विद्रोह था। इस विद्रोह को संथाल हूल के नाम से भी जाना जाता है।

**45. वे दोनों भाई थे जिन्होंने वर्ष 1855 में संथाल विद्रोह किया था?**

(a) हीरा और जतिन
(b) सिद्धू और कान्हू
(c) गणपतराय और बुधुवीर
(d) तिलका मांझी और भागीरथी मांझी

**JSSC IRB General Guard Exam-03-12-2017**

**Ans.(b):** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**46. झारखण्ड का पहला चुआर विद्रोह कब हुआ था?**

(a) 1798 (b) 1789
(c) 1777 (d) 1767

**JSSC PGT Exam-10-03-2018**

**Ans.(*):** बंगाल के जंगल महल (अब कुछ भाग पश्चिम बंगाल और झारखंड में) के आदिवासी जमींदारों, सरदारों, पाइकों और किसानों ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जल, जंगल, जमीन के बचाव तथा नाना प्रकार के शोषण से मुक्ति के लिए 1766 में जो आंदोलन आरंभ किया, उसे 'चुआर विद्रोह' कहते हैं। झारखंड में यह आंदोलन सिंहभूम क्षेत्र से संबंधित था।

**47. 1857 में झारखंड में किस स्थान पर विद्रोह भड़का था?**

(a) कोडरमा (b) हजारीबाग
(c) धनबाद (d) सिंहभूम

**JSSC Excise/Asst. Excise Ins. Exam-18-10-2015**

**Ans.(b):** 1857 में झारखंड में हजारीबाग में विद्रोह भड़का था। हजारीबाग स्थित रामगढ़ बटालियन ने 30 जुलाई, 1857 को विद्रोह कर दिया। विद्रोहियों ने सर्वप्रथम असिस्टेंट मेजर सिम्पसन तथा अन्य अंग्रेज अधिकारियों के बंगलों को आग लगा दी। सरकारी दफ्तरों तथा महाफिजखाना को लूट लिया गया।

**48. झारखंड में भागीरथ, दुबई गोसाई और पटेल सिंह के नेतृत्व में खेरवार विद्रोह कब हुआ था?**

(a) 1862-63 (b) 1842-43
(c) 1852-53 (d) 1832-33

**JSSC PGT Exam-21-03-2018**
**Jharkhand SI 2017 Set-21**

**Ans.(d):** झारखंड में भागीरथ, दुबई गोसाई और पटेल सिंह के नेतृत्व में खेरवार विद्रोह 1832-33 में हुआ। यह आंदोलन आदिवासी स्वाधीनता के आदर्श के अतीत की ओर लौटने की इच्छा से प्रेरित था। 'खेरवार' संथालों का पुराना नाम बताया जाता है। बाद में इस आंदोलन ने गैर-संथालों को उनके आवास से बाहर करने के लिए और अधिक राजनीतिक रूप धारण कर लिया।

**49. इनमें से कौन-सा विद्रोह 1857 में झारखंड में फूटा था?**

(a) संथाल विद्रोह (b) बिरसा मुंडा विद्रोह
(c) तिलका मांझी विद्रोह (d) इनमें से कोई नहीं

**JSSC Asst. Comp (Pre) Exam-28-06-2015**
**सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं अंकेक्षण पदाधिकारी परीक्षा-2007**

**Ans.(d):** दिए गए विकल्पों में कोई भी विद्रोह 1857 में झारखंड में नहीं फूटा था। संथाल विद्रोह (1855-56) का नेतृत्व सिद्धू-कान्हू ने किया। बिरसा मुंडा विद्रोह (1899-1900) का नेतृत्व बिरसा मुंडा ने किया। तिलका माँझी विद्रोह (1784) का नेतृत्व तिलका माँझी ने किया था।

**50. भारतीय स्वतंत्रता का पहला युद्ध, 30 जुलाई, 1857 को एक स्थान पर शुरु हुआ, जब संथालों ने ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ विद्रोह किया, जेल तोड़ दी और कैदियों को मुक्त कर दिया। निम्न में से कौन सा स्थान संदर्भित किया जा रहा है?**

(a) गुमला (b) जामताड़ा
(c) हजारीबाग (d) दुमका

**JSSC IRB General Guard Exam-03-12-2017**

**Ans.(c):** दिए गए विकल्पों में वह स्थान हजारीबाग को संदर्भित करता है, जहाँ भारतीय स्वतंत्रता का पहला युद्ध, 30 जुलाई, 1857 को एक स्थान पर शुरू हुआ, जब संथालों ने ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ विद्रोह किया, जेल तोड़ दी और कैदियों को मुक्त कर दिया।

**51. निम्न में से किस जगहों पर गंगा नारायण के नेतृत्व में भूमिज विद्रोह (1832-1833) हुआ?**

(a) ढ़ालभूम (b) तमाड़
(c) पोखरिया (d) ये सभी

**JSSC Amin, Lekhpal Exam-08-10-2017**

**Ans.(a):** गंगा नारायण के नेतृत्व में भूमिज विद्रोह (1832-1833) धालभूम में हुआ था। यह भारतीय इतिहास का पहला संगठित विद्रोह था। तथा 1832-33 के विद्रोह को अंग्रेजों ने 'गंगा नारायण का हंगामा' भी कहा है। 1765 ई० में दिल्ली के बादशाह शाह आलम ने बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा की दीवानी ईस्ट इंडिया कंपनी को दी थी। इससे आदिवासियों का शोषण होने पर भूमिजों ने विद्रोह कर दिया।

**52. भारत की आजादी के पहले युद्ध के दौरान, 1857 में, 12 गांवों के एक जमींदार ने भारतीय सेना को डोरंडा (रांची) में मदद की और ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ संथाल आदिवासियों को जुटाया। इस जमींदार को पहचानिए।**

(a) माधो सिंह (b) गणपत राव
(c) शेख भिखारी (d) विश्वनाथ सहदेव

**JSSC IRB General Guard Exam-10-12-2017**

**Ans.(c):** भारत की आजादी के पहले युद्ध के दौरान, 1857 में शेख भिखारी नामक 12 गाँव के एक जमींदार ने भारतीय सेना को डोरंडा (राँची) में मदद की और ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ संथाल आदिवासियों को जुटाया था।

**53. संथाल जनजातीय क्षेत्र का एक बहादुर संथाल नेता तिलक मांझी ने किसके खिलाफ विद्रोह किया था?**

(a) मराठा
(b) मुगलों
(c) जमीदारों और पुर्तगाली सरकार
(d) जमींदारों और ब्रिटिश सरकार

**JSSC IRB General Guard Exam-10-12-2017**

**Ans.(d):** संथाल जनजातीय क्षेत्र का एक बहादुर संथाल नेता तिलका माँझी ने जमींदारों और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह किया था। इसके लिए उन्होंने सन् 1784 ई० में तिलका आंदोलन चलाया था।

**54. Gono Pingua was an important leader of the anti-British resistance in Kolhan. Which movement he was associated with?**
**गोनू पिंगुआ कोल्हान में ब्रिटिश-विरोधी संघर्ष के एक महत्वपूर्ण नेता थे। वे किस आंदोलन से संबंधित थे?**

(a) Kol Revolt, 1831-32/1831-32 का कोल विद्रोह
(b) Revolt of 1857/1857 का विद्रोह
(c) Sardari Larai/सरदारी लड़ाई
(d) Tarachand Movement/ताराचंद आंदोलन

**6 Dupty Collector (limited) 2018 Paper-I**

**Ans.(b):** गोनू पिंगुआ कोल्हान में ब्रिटिश-विरोधी संघर्ष के एक महत्वपूर्ण नेता थे। वे 1857 के विद्रोह से संबंधित थे। इन्होंने सिंहभूम जिले में 1857 के महाविद्रोह की अगुवाई की। वह पौराहाट के राजा अर्जुन सिंह के प्रमुख सहयोगी और सिंहभूम में जनजातीय संघर्ष के प्रमुख नायक थे। राजा अर्जुन सिंह ने उन्हें अपना प्रमुख सरदार नियुक्त किया था।

**55. Bhognadih is associated with which movement of Jharkhand?**
**भोगनाडीह झारखंड के किस आंदोलन से संबंधित हैं?**

(a) Santhal Hul/संथाल हूल
(b) Birsa Ulgulan/बिरसा उलगुलान
(c) Kol Revolt/कोल विद्रोह
(d) Chuar Revolt/चुआर विद्रोह

**6 Dupty Collector (limited) 2018 Paper-I**

**Ans.(a):** भोगनाडीह झारखंड के संथाल हूल आंदोलन से संबंधित है। 30 जून, 1855 को भोगनाडीह के एक मैदान में संथालों का एक बड़ा समूह एकत्रित हुआ, जिन्होंने सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में स्वयं को ब्रिटिश राज से स्वतंत्र होने की घोषणा की और मृत्यु तक उसके विरुद्ध लड़ने की शपथ ग्रहण की। प्रत्येक वर्ष उनकी याद में 30 जून को यहाँ शहीद मेला आयोजित किया जाता है।

**56. Who led the armed struggle against the British forces in the 'Battle of Serengsia' on 19 November 1837 in Kolhan area of Singhbhum?**
**सिंहभूम के कोल्हान क्षेत्र में 19 नवंबर, 1837 को हुए 'सेरेंगसिया युद्ध' में अंग्रजों के खिलाफ सशस्त्र युद्ध का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) Sidhu/सिधू
(b) Jitu Santal/जीतू संताल
(c) Birsa Munda/बिरसा मुंडा
(d) Poto Ho/पोटो हो

**Account Officer, General Studies Paper-I 2019**

**Ans.(d):** सिंहभूम के कोल्हान क्षेत्र में 19 नवंबर, 1837 को हुए 'सेरेंगसिया युद्ध' में अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र युद्ध का नेतृत्व 'पोटो हो' ने किया था। इस युद्ध में उन्होंने अंग्रेजी फौज के विरुद्ध छापामार युद्ध का नेतृत्व किया। युद्ध में अंग्रेजों की हार हुई। 26 लड़ाके शहीद हुए थे, जबकि ब्रिटिश सेना के एक सूबेदार, एक हवलदार और 13 सिपाही घायल हुए थे।

**57. हो विद्रोह किस वर्ष हुआ था?**

(a) 1620-21 (b) 1720-21
(c) 1820-21 (d) 1920-21

**Assistant & Personal Assistant 2012**

**Ans.(c):** हो विद्रोह वर्ष 1820-21 में हुआ था। यह विद्रोह सिंहभूम के राजा जगन्नाथ सिंह के विरुद्ध था, जो ब्रिटिश शासन का हितैषी था। यह विद्रोह अंग्रेजों एवं जमींदारों के शोषण के खिलाफ था। 1820-21 में मेजर रफसेज एवं 1837 में कैप्टन विलकिंसन के नेतृत्व में हो विद्रोह को दबा दिया गया। 'हो' समुदाय की अपनी संस्कृति और रीति-रिवाज है। ये प्रकृति के उपासक होते हैं। 'हो' लोग मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की पूजा अर्चना नहीं करते, बल्कि अपने ग्राम देवता 'देशाउलि' को अपना सब कुछ मानते हैं।

**58. 1831-32 मे कोल आंदोलन शुरू किया गया था :-**

(a) सेमोन ओरब (b) बुधु भगत
(c) भगीरथ मांझी (d) बिरसा मुंडा

**Jharkhand SI 2017 Set-18**

**Ans. (b) :** कोल आन्दोलन झारखण्ड के कोल जनजाति द्वारा सरकार के अत्याचार के विरुद्ध वर्ष 1831 से 1832 तक चला था। यह छोटानागपुर क्षेत्र में प्रारम्भ हुआ था। इसका नेतृत्व बुधु भगत के द्वारा किया गया था।

**59. निम्नलिखित में से किस आंदोलन में लोगों को भूमि मालिकों पर भूमि कर देने के लिए नहीं कहा गया था?**

(a) खरवार आंदोलन (b) कोल विद्रोह
(c) लारका आंदोलन (d) इनमें से कोई भी नहीं

**Jharkhand SI 2017 Set-19**

**Ans. (a) :** खरवार आंदोलन में लोगों को भूमि मालिकों पर भूमि कर देने के लिए नहीं कहा गया था।

**60. कोल विद्रोह के प्रमुख नेता बुधु भगत _______ के रहने वाले थे।**

(a) सिलागांई (b) जामताड़ा
(c) रामगढ़ (d) देवघर

**Jharkhand SI 2017 Set-22**

**Ans. (a) :** कोल विद्रोह के प्रमुख नेता बुधु भगत का जन्म झारखण्ड के राँची जिले के सिलागाई नामक ग्राम में 17 फरवरी, 1792 में हुआ था। ऐसा कहा जाता था कि उन्हें दैवीय शक्तियाँ प्राप्त थी, जिसके प्रतीक स्वरूप में एक कुल्हाड़ी सदा अपने साथ रखते थे।

**61. 1798 में, बीरभूम बांकुरा में _________हुआ।**

(a) चुआर विद्रोह (b) भूमिज विद्रोह
(c) कोल विद्रोह (d) पहाड़िया विद्रोह

**Jharkhand SI 2017 Set-21**

**Ans. (a) :** सन् 1771 और 1809 के बीच मिदनापुर, बांकुरा और मानभूम के पश्चिम बंगाल के आस-पास हुई ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ किसान विद्रोह की श्रृंखला को चुआर विद्रोह के नाम से जाना जाता है। जंगल महल विद्रोह चुआर विद्रोह का एक दूसरा नाम है। इस विद्रोह के नेता दुर्जन सिंह थे जो स्थिपित जमींदार थे।

**62. बयान पर विचार करें।**
**प्रथम। अंग्रेजों के विद्रोह के लिए तिलका मांझी प्रथम संथाल में शामिल थे**
**द्वितीय। उनके खिलाफ विरोध करते हुए उन्हें एक ब्रिटिश अधिकारी ने गोली मार दी थी।**
**तृतीय। तत्कालीन शहीद की मृत्यु को मनाने के लिए 'बाबा तिलका मांझी चौक' में जगह का नाम दिया गया है।**
**ऊपर दिए गए कथन का सही क्या है?**

(a) प्रथम और द्वितीय (b) द्वितीय और तृतीय
(c) प्रथम और तृतीय (d) इनमें से कोई भी नहीं

**Jharkhand SI 2017 Set-21**

**Ans. (c) :** तिलका मांझी का विद्रोह क्षेत्र राजमहल की पहाड़ियाँ थी। उन्होंने वर्ष 1771 से 1784 तक ब्रिटिश सत्ता के विरूद्ध संघर्ष किया। अंग्रेजों के विद्रोह के लिए तिलका मांझी प्रथम संथाल में शामिल थे तथा तत्कालीन शहीद की मृत्यु को मनाने के लिए उस जगह का नाम ''बाबा तिलका मांझी चौक'' नाम दिया गया है।

**63. निम्न में से कौन सा छोटा नागपुर के ''हल्दीघाटी'' के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) सारंडा (b) देवघर
(c) भंडरा (d) कोर्रम्बेय

**Jharkhand SI 2017 Set-03**

**Ans. (d) :** कोर्रम्बेय को छोटानागपुर के हल्दीघाटी के नाम से जाना जाता है।

**64. अंग्रेजों के विरूद्ध 1831 के विद्रोह में से किस जनजाति का उत्तराधिकारी शामिल था?**

(a) हो (b) मुंडा
(c) ऊपर के सभी (d) इनमें से कोई भी नहीं

**Jharkhand SI 2017 Set-05**

**Ans. (c):** अंग्रेजों के विरुद्ध 1831 के विद्रोह में 'हो और मुंडा' जनजाति के उत्तराधिकारी शामिल थे।

**65. 1857 के विद्रोह में पलामू में अंग्रेजों के विरूद्ध किस कबेलाई ने विद्रोह किया था?**

(a) चीरे (b) भोक्ता
(c) खोड (d) इनमें से कोई भी नहीं

**Jharkhand SI 2017 Set-05**

**Ans. (b) :** सन् 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों के विरुद्ध भोक्ता कबिलाई ने विद्रोह किया था।

**66. सैनिक मंगल पांडे की नेतृत्व में, 1857 की विद्रोह कहां हुआ था?**

(a) हजारीबाग (b) साहिबगंज
(c) रांची (d) डोरंडा

**Jharkhand SI 2017 Set-06**

**Ans. (d) :** 1857 की क्रांति की शुरूआत सैनिक मंगल पाण्डेय ने छावनी डोरंडा, राँची से किया था। जब बैरकपुर छावनी में विद्रोह हुआ तो इसकी आँच से देश के अन्य छावनियाँ भी अछूती न रह सकी।

**67. ढाका, मेमन सिंह और कोलकाता के क्रांतिकारी किस स्थान पर छुपकर गुप्त प्रचार करते थे ?**

(a) जमशेदपुर (b) रांची
(c) भागलपुर (d) रामगढ़

**Jharkhand SI 2017 Set-32**

**Ans. (a) :** ढाका, मेमन सिंह और कोलकाता के क्रांतिकारी जमशेदपुर में छुपकर गुप्त प्रचार करते थे।

**68. जामताड़ा जिले में किसके नेतृत्व में व्यापक आंदोलन चलाया गया था?**

(a) सत्यकाली बाबू (b) तिलका मांझी
(c) सत्येन्द्रनाथ राय (d) भूमेश प्रसाद

**Jharkhand SI 2017 Set-28**

**Ans. (a) :** जामताड़ा जिले में सत्यकाली बाबू के नेतृत्व में व्यापक आन्दोलन चलाया गया। जामताड़ा दो शब्दों से मिलकर बना है। संथाली भाषा में 'जाम' का अर्थ सांप और 'ताड़ा' का अर्थ घर होता है।

**69. निम्नलिखित में से रामगढ़ का कौन सा राजा शुरू से अन्त तक अंग्रेजों का विरोध करता रहा?**

(a) मुकुंद सिंह (b) हेमंत सिंह
(c) भूषण सिंह (d) विश्वनाथ सिंह

**Jharkhand SI 2017 Set-33**

**Ans. (a) :** रामगढ़ के राजा मुकुंद सिंह ने शुरू से लेकर अन्त तक अंग्रेजों का विरोध करते रहे इन्होने ईस्ट इंडिया कम्पनी की सदस्यता स्वीकार कर ली।

**70. जनजाति आंदोलन का मुख्य कारण क्या था?**

(a) दमन किये लोगों का शोषण
(b) वनों की कटाई
(c) गैरकानूनी कोयला खनन
(d) निवासियों के बीच भेदभाव

**Jharkhand SI 2017 Set-33**

**Ans. (a) :** जनजाति आंदोलन का मुख्य कारण दमन किये लोगों का शोषण था।

**71. 1913 में गिरिडीह में खम्भे पर 'आवर स्वाधीन भारत' शीर्षक के पर्चे किसने चिपकाये थे?**

(a) निर्मल चन्द्र बनर्जी (b) शरत चंद्र राय
(c) शीतल बनर्जी (d) रघुनाथ मुरमू

**Jharkhand SI 2017 Set-33**

**Ans. (a) :** 1913 में गिरिडीह में खम्भे पर 'आवर स्वाधीन भारत' शीर्षक के पर्चे निर्मल चन्द्र बनर्जी ने चिपकाये थे।

**72. 1616 में कर नहीं देने के कारण किस महाराजा को जहांगीर ने ग्वालियर के किले में कैद कर दिया था?**

(a) दुर्जन साल (b) रघुनाथ शाह
(c) यदुनाथ साह (d) सुन्दर सिंह

**Jharkhand SI 2017 Set-33**

**Ans. (a) :** 1616 में कर नहीं देने के कारण दुर्जन साल महराज को जहांगीर ने ग्वालियर के किले में कैद कर दिया था। दुर्जन साल सिंहासन पर बैठते ही मुगलों से सारे सम्बन्ध तोड़ लिये। जिसके कारण जहाँगीर ने दुर्जन साल के खिलाफ अभियान का आदेश दिया था।

**73. 1855 में लॉर्ड कॉर्नवॉलिस के स्थायी बंदोबस्त के विरुद्ध किसने युद्ध छेड़ा था?**

(a) संथाल (b) भील
(c) गोंड (d) बिरहोर

**Jharkhand SI 2017 Set-23**

**Ans. (a) :** वर्ष 1855 में लार्ड कार्नवालिस के स्थायी बंदोबस्त के विरूद्ध संथालों ने युद्ध छेड़ा था।

**74. किस विद्रोह के परिणामस्वरूप 1833 में, एक नए प्रांतीय दक्षिण-पश्चिम सीमान्त एजेंसी का गठन हुआ?**

(a) कोल विद्रोह (b) तमार विद्रोह
(c) मांझी विद्रोह (d) मुंडा विद्रोह

**Jharkhand SI 2017 Set-20**

**Ans. (a) :** कोल विद्रोह के परिणामस्वरूप 1833 में, एक नए प्रांतीय दक्षिण-पश्चिम सीमांत एजेंसी का गठन हुआ।

**75. संथाल के संस्थापक पिता कौन हैं?**

(a) बिरसा मुंडा (b) महेन्द्र सिंह धोनी
(c) करीया मुंडा (d) लुगु बुरु

**Jharkhand SI 2017 Set-02**

**Ans. (d) :** लुगु बुरु को संथाल का संस्थापक पिता के रूप में जाना जाता है। संथालों की प्रमुख भाषा संथाली है।

**76. गिरडीह का कौन सा व्यक्ति क्रांतिकारियों को धन मुहैया कराता था?**

(a) मनोरंजन गुहा (b) शेख भिखारी
(c) संजीव कुमार (d) रघुनाथ मुरमू

**Jharkhand SI 2017 Set-27**

**Ans. (a):** मनोरंजन गुहा यह एक अमीर व्यवसायी था जो कई अबरक खान का मालिक था। गरमपंथी दौर में क्रांतिकारियों को धन मुहैया कराता था।

**77. झारखंड में बिरसाइट संप्रदाय किसके द्वारा शुरू किया गया था?**

(a) जात्रा भगत
(b) बिरसा मुंडा
(c) तिका मांझी
(d) सिदूध-कान्हू

**Jharkhand SI 2017 Set-25**

**Ans. (b) :** झारखण्ड में बिरसाइट सम्प्रदाय की शुरूआत बिरसा मुण्डा द्वारा की गयी थी। उल्लेखनीय है कि 19वीं शताब्दी के अंत में बिरसा मुण्डा द्वारा अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह किया गया था।

**78. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले विद्रोही शहीद कौन थे?**

(a) तिलका मांझी  (b) ताना भगत
(c) बुधु भगत  (d) सिद्धो

**Jharkhand SI 2017 Set-24**

**Ans. (a) :** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले विद्रोही शहीद तिलका मांझी थे। इनका सम्बन्ध पहाडिया समुदाय से था। इन्होंने वर्ष 1784 में अंग्रेजों के विरूद्ध आन्दोलन किया था। इनको बिहार के भागलपुर में फांसी दे दी गयी।

## झारखण्ड में राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम

**79. 1789 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठानेवाला पहला संथाल नेता कौन था?**

(a) सीडो मुर्मू  (b) भागीरथी माझी
(c) दुखन मानकी  (d) बाबा तिलका माझी

**JSSC Mahila Supervisor Exam-08-06-2014**

**Ans.(d):** 1789 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाने वाला पहला संथाल नेता बाबा तिलका माँझी थे। वर्ष 1784 ई० में तिलका माँझी ने अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन आरंभ किया, जिसे **'तिलका आंदोलन'** के नाम से जाना गया। यह आंदोलन अपनी जमीन पर अधिकार के लिए, पहाड़ियों को अधिक सुविधा देकर फूट डालने वाली नीति के विरोध तथा क्लिवलैंड के दमन के विरोध में था।

**80. 1857 की क्रांति में सम्पूर्ण सिंहभूम क्षेत्र में क्रांतिकारियों के प्रमुख नेता कौन थे?**

(a) राजा दुर्जन साल  (b) राजा अर्जुन सिंह
(c) ठाकुर विश्वनाथ शाही  (d) टिकैत उमराव सिंह

**उत्तर– (b)**

**JPSC (Pre) 2013 Paper-I**

**व्याख्या—**1857 की क्रान्ति में संपूर्ण सिंह भूमि क्षेत्र में क्रान्तिकारियों के प्रमुख नेता राजा अर्जुन सिंह थे। उन्होंने इस क्रान्ति में महती भूमिका निर्वहन की थी। जगदीशपुर से कुँवर सिंह ने तथा बरेली से खान बहादुर ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। यह राजा अच्युत सिंह के पुत्र थे।

**81. भूमिज विद्रोह के नेता कौन थे?**

(a) तिलका मांझी  (b) बिरसा मुंडा
(c) गंगा नारायण सिंह  (d) गणपत राय

**JSSC Mahila Supervisor Exam-08-06-2014**
**Jharkhand SI 2017 Set-27**

**Ans.(c):** गंगा नारायण सिंह भूमिज विद्रोह के नेता थे। यह विद्रोह जनजातीय जमींदारों और जनजातीय लोगों का संयुक्त विद्रोह था। जिसकी अगुवाई बड़ाभूम के राजा बेलाक नारायण के पोते गंगा नारायण ने की थी। इस विद्रोह का मुख्य कारण बड़ाभूम के सिंहासन के वास्तविक मालिक गंगा नारायण सिंह के पिता की अवहेलना करना और उन्हें पुश्तैनी संपत्ति से बेदखल करना था।

**82. झारखंड क्रांति दल की स्थापना वर्ष............. में हुई थी।**

(a) 1980  (b) 1987
(c) 1990  (d) 1992

**JSSC Panchayat Sachiv Exam-04-02-2018**
**JSSC Panchayat Sachiv 4 Feb Paper-III**

**Ans.(a):** झारखंड क्रांति दल की स्थापना वर्ष 1980 में हुई थी और इसी वर्ष झारखंड आंदोलन का उग्र रूप सामने आया।

**83. संथाल परगना में किसके नेतृत्व में वहाँ की पहिलाओं ने नमक कानून को चुनौती दी थी?**

(a) शैलबाला राय  (b) रानी सर्वेश्वरी
(c) सिस्टर निर्मला  (d) सावित्री पूर्ती

**Jharkhand SI 2017 Set-33**

**Ans. (a) :** संथाल परगना में शैलबाला राय के नेतृत्व कानून को चुनौती दी थी। 6 अप्रैल 1930 को गाँधी जी ने नमक कानून को तोड़ा था।

**84. 1820-21 में मेजर रफसेज़ तथा 1837 में कैप्टन विल्किंसन के नेतृत्व में किस विद्रोह को दबा दिया गया था?**

(a) हो विद्रोह  (b) कोल विद्रोह
(c) तमार विद्रोह  (d) मुंडा विद्रोह

**Jharkhand SI 2017 Set-33**

**Ans. (a) :** 1820-21 में मेजर रफसेज़ तथा 1837 में कैप्टन विल्किंसन के नेतृत्व में हो विद्रोह को दबा दिया था। छोटानागपुर के हो जनजातियों द्वारा बधुओं एवं जमीदारों के शोषण के विरुद्ध था।

## झारखण्ड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी

**85. स्वतंत्रता सेनानी पोटो सरदार था**

(a) उराँव  (b) गोण्ड
(c) मुंडा  (d) नागवंशी

**उत्तर (*)**  **JPSC (Pre) 2016 Paper-II**

**व्याख्या :** स्वतंत्रता सेनानी पोटो सरदार कोल्हान के 'हो' आदिवासी समाज से संबंधित थे। पोटो सरदार का जन्म राजाबासा में हुआ था। ये ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सेरेंगसिया घाटी युद्ध के नायक थे। नवम्बर 1837 को टोंटो प्रखण्ड की सेरेंगसिया घाटी में अंग्रेजी सेना के साथ भीषण छापामार युद्ध का नेतृत्व किया तथा ब्रिटिश सेना की हार हुई। दिसम्बर 1837 में पोटो सरदार को गिरफ्तार कर

लिया गया तथा उन्हे फांसी दे दी गयी। झारखण्ड लोक सेवा आयोग ने पहले दी गई Answer key में इस प्रश्न का उत्तर (c) माना था परंतु Revised Aswer key में इस प्रश्न को हटाकर सभी को समान अंक दिया।

**86. The Santhal rebellion broke out in 1855 under the leadership of which two brothers?**
**सन् 1855 में किन दो भाइयों के नेतृत्व में संथाल विद्रोह फूट पड़ा था?**

(a) Sidhu Murmu and Kanhu Murmu
सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू
(b) Birsa Munda and Komta Munda
बिरसा मुंडा और कोमटा मुंडा
(c) Lok Nath Mahato and Vinod Bihari Mahto
लोकनाथ महतो और विनोद बिहारी महतो
(d) Maki Munda and Gaya Munda
माकी मुंडा और गया मुंडा

**JSSC Asst. Comp. Exam-2012**

**Ans.(a) :** संथाल विद्रोह सिद्धू मुर्मू तथा कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में 1855 ई० में प्रारंभ हुआ था। यह विद्रोह मुख्य रूप से भागलपुर से राजमहल क्षेत्र के बीच केंद्रित था। इस क्षेत्र को 'दामन-ए-कोह' के नाम से जाना जाता था। इस आंदोलन का प्रमुख कारण अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भू-राजस्व व्यवस्था तथा जमींदारों और साहूकारों द्वारा किया गया अत्याचार था। वर्ष 1856 के अंत तक इसका दमन कर दिया गया था।

**87. Who was the leader of Bhumij Revolt?**
**भूमिज विद्रोह का नेता कौन था?**

(a) Dubia Gosain/दुबिया गोसाईं
(b) Jatra Bhagat/जतरा भगत
(c) Ganga Narain/गंगा नारायण
(d) Bhagirath/भागीरथ

**7th JPSC (Pre) 2021 Paper-I**

**Ans. (c) :** भूमिज विद्रोह (1832-33) के नेता गंगा नारायण सिंह थे। यह ढ़ालभूम, बड़ाभूम और पाटकुम परगना जो मिदनापुर जिला में शामिल था, में व्यापक विद्रोह हुआ। यह विद्रोह बड़ाभूम राजा, पुलिस के अधिकारीगण, मुंसिफ तथा अन्य दिकुओं के खिलाफ भूमिजों का विद्रोह था। इस विद्रोह में गंगा नारायण को मार दिया गया तथा विद्रोह को दबा दिया गया।

**88. बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करने के लिये ब्रिटिश वालों ने एक पहाड़ी पर असीमित गोलीबारी की, जिसका नाम मुंडा के नाम पर 'टॉप्ड बुरू' के रूप में मृतकों का टीला रखा गया। उस पहाड़ी का असल नाम क्या था जहां 1900 में यह घटना हुई थी।**

(a) टैगोर हिल
(b) डुबरी हिल
(c) मकमरो हिल
(d) ेलहुला हिल

**JSSC IRB General Guard Exam-03-12-2017**

**Ans.(b):** बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करने के लिए ब्रिटिश वालों ने एक पहाड़ी पर असीमित गोलीबारी की, जिसका नाम मुंडा के नाम पर 'टॉप्ड बुरू' के रूप में मृतकों का टीला रखा गया। उस पहाड़ी का असली नाम 'डुबरी हिल' था, जहाँ 1900 में यह घटना हुई थी। यह पहाड़ी झारखंडी अस्मिता और संघर्ष की गवाह है। इसी पहाड़ी पर 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ी थी।

**89. आधुनिक सतबरवा के निकट पलामू के निचले किले को निम्नलिखित शासकों में से किसने बनाया था?**

(a) प्रताप राय (b) द्रिकपाल राय
(c) मेदिनी राय (d) रुद्र राय

**JSSC Amin, Lekhpal Exam-08-10-2017**

**Ans.(c):** आधुनिक सतबरवा के निकट पलामू के निचले किले को मेदिनी राय ने बनवाया था। मेदिनी राय ने पलामू के मेदिनीपुर में 13 साल तक अर्थात 1662 से 1674 तक शासन किया। मेदिनी राय चेरो जनजाति का राजा था। उसका साम्राज्य दक्षिण में गया, हजारीबाग और सरगुजा तक फैला था। उसने दोइसा पर हमला कर दिया और छोटानागपुर के राजा को हराया।

**90. 1931 में थेबल ओरॉन ने किस संगठन की स्थापना की थी जिसका भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान थी?**

(a) दलित सभा (b) आदिवासी सभा
(c) मजदूर सभा (d) किसान सभा

**JSSC IRB General Guard Exam-10-12-2017**

**Ans.(d):** 1931 में थेबल ओराँन ने किसान सभा नामक संगठन की स्थापना की जिसका भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान था। इस संगठन के माध्यम से उन्होंने आदिवासी समाज को जागरूक करने का काम किया। उन्होंने 1915 में उन्नति समाज की स्थापना भी किया था।

**91. जमतरा के किस नेता ने रक्त, आँसू और अन्य विज्ञापनों के माध्यम से आंदोलन को जीवित रखा?**

(a) नरसिंह राय (b) विश्वास रा
(c) शरत चंद्र राय (d) वीर दास

**Jharkhand SI 2017 Set-29**

**Ans. (a) :** जमतरा के नरसिंह राय ने रक्त, आँसू और अन्य विज्ञापनों के माध्यम से आंदोलन को जीवित रखा। इन्होंने स्वतन्त्रता आन्दोलन के समय महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

**92. वीरेंदर नाथ भट्टचार्य के मकान पर अक्टूबर 1927 में छापा मारा गया जहाँ से क्रांतिकारी साहित्य के साथ पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किया गया। इस केस को क्या नाम दिया गया?**

(a) देवघर षड़यंत्र केस
(b) हजारीबाग षड़यंत्र केस
(c) रामगढ़ षड़यंत्र केस
(d) वासेपुर षड़यंत्र केस

**Jharkhand SI 2017 Set-29**